## कार्यालय–मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अयोध्या

पत्रांकः मु0चि0अ0 / एन0एच0एम0 / वाक–इन–इन्टरव्यू / 2026–27 / 6447-3 दिनांकः 21. नवम्बर, 2026

सेवा में,

1. प्रधान सम्पादक, दैनिक जागरण / अमर उजाला / हिन्दुस्तान।
2. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (DIO),
   एन0आई0सी0 (NIC), जनपद–अयोध्या।

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारियों (M.B.B.S.) की संविदा भर्ती हेतु संशोधित वॉक–इन–इंटरव्यू (दिनांक 07 एवं 08 दिसम्बर, 2026) की विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशन एवं एन0आई0सी0 अयोध्या की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्रांक संख्या 179 / एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / डिस्ट्रिक्ट वॉक–इन / 2023–24 / 4150 दिनांक 18.08.2023 एवं पत्र संख्या 3583–3 दिनांक 11.09.2024 के अनुपालन में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में चिकित्सा अधिकारियों (M.B.B.S.) के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से नियुक्ति हेतु पूर्व में स्थगित वॉक–इन–इंटरव्यू का साक्षात्कार **दिनांक 07 एवं 08 दिसम्बर, 2026 (प्रातः 10:00 बजे से, स्थानः मीटिंग हॉल, विकास भवन, अयोध्या)** को आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

अतः इस सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशित / अनुरोध किया जाता हैः

विस्तृत भर्ती विज्ञप्ति एवं आवश्यक निर्देशों की प्रति को अगले संस्करण में प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों की सुविधा एवं पारदर्शिता हेतु जनपद अयोध्या की आधिकारिक वेबसाइट (https://ayodhya.nic.in) पर तत्काल लाइव / अपलोड करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः** संशोधित भर्ती विज्ञप्ति एवं आवश्यक निर्देशों की प्रति।

21.11.26

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**अयोध्या**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एस.पी.एम.यू., उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी (CDO), अयोध्या।
3. कार्यालय सूचना पट्ट हेतु।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**अयोध्या**

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अयोध्या

पत्रांकः मु0चि0अ0 / एन0एच0एम0 / वॉक–इन–इन्टरव्यू / 2026–27 /644, दिनांकः 21. / 11 / 2026

### संशोधित विज्ञप्ति (वॉक–इन–इंटरव्यू)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM), जनपद अयोध्या के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में **संविदा चिकित्सा अधिकारियों (M.B.B.S.) के कुल 11 रिक्त पदों** पर चयन हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्याः मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/वाक–इन–इन्टरव्यू/2026–27/5510–5 दिनांक 11.10.2026 के क्रम में दिनांक 22 एवं 23 अक्टूबर, 2026 को निर्धारित साक्षात्कार को अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से कार्यालय पत्रांकः 5755 दिनांक 17.10.2026 द्वारा स्थगित कर दिया गया था।

अध्यक्ष, चयन समिति / मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या महोदय के अनुमोदनपरान्त उक्त स्थगित वॉक–इन–इंटरव्यू (साक्षात्कार) का पुनः आयोजन निम्न विवरणानुसार निर्धारित किया गया हैः

- **साक्षात्कार की तिथिः दिनांक 07.12.2026 एवं 08.12.2026**
- **समयः** प्रातः 10:00 बजे से
- **स्थानः** मीटिंग हॉल, विकास भवन, अयोध्या

इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित तिथि व समय पर अपने समस्त मूल शैक्षणिक अभिलेखों, अनुभव प्रमाण–पत्रों, यू0पी0 मेडिकल काउंसिल पंजीकरण प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। रिक्तियों का विवरण, आयु सीमा, मानदेय एवं अन्य नियम व शर्तें पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुरूप ही रहेंगी, जिन्हें जनपद की आधिकारिक वेबसाइट **ayodhya.nic.in** पर देखा जा सकता है।

21.11.26

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
अयोध्या